उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

आयोग भवन, हरिद्वार–249404

दूरभाष: 01334–244282, फैक्स: 244282

वैबसाइट: ukpsc.gov.in

पत्रांक ::198/26/ उ.कु.प्रसा./PCS (PRE) EXAM-21/अतिगोपन–2 /22–23), दिनांक: 13 अप्रैल, 2022

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक: 03 अप्रैल, 2022 को आयोजित **उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा–2021** के वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्रों यथा **प्रथम प्रश्न पत्र:– सामान्य अध्ययन** एवं **द्वितीय प्रश्नपत्र:– सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षण** की चारों सीरीज (A, B, C & D) की उत्तरकुंजियों को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **http://www. ukpsc.gov.in** पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रसारित कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को चारों सीरीज के किसी प्रश्न एवं उत्तर विकल्प पर कोई आपत्ति है तो वह आयोग की वेबसाईट पर **Online Answer Key Objection** हेतु दिये गये लिंक पर जाकर अपनी आपत्तियों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार **दिनांक: 14 अप्रैल, 2022 से 20 अप्रैल, 2022** (समय रात्रि के 23:59:59 बजे तक) तक दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान करना होगा

आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक **Online Answer Key Objection** के अतिरिक्त ई–मेल, डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आपत्तियों एवं अन्तिम तिथि के उपरान्त प्रेषित आपत्तियों तथा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान नहीं किये जाने की दशा में अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर कुंजी के सापेक्ष आपत्ति दर्ज किये जाने से पूर्व आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देश सम्बन्धी विस्तृत **विज्ञप्ति संख्या:197/26/उ.कु.प्रसा./PCS (PRE) EXAM-21/अतिगोपन–2/22–23), दिनांक: 13 अप्रैल, 2022** का अध्ययन अवश्य कर लें।

-Sd-

(कर्मेन्द्र सिंह)

सचिव